07/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने सदा ही मॉलदीव के लिए प्रथम उत्तरदाता की भूमिका निभाई है। मॉलदीव के राष्ट्रपति डॉ0 मोहम्मद मोइज़्ज़ु के साथ शिष्टमण्डल स्तर की वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि हमारी **पड़ोस प्रथम** नीति और **सागर** विज़न में भी मॉलदीव का एक महत्वपूर्ण स्थान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डॉ0 मुइज्जु के साथ मॉलदीव में हनीमाधु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। मॉलदीव में रूपे कार्ड भुगतान का भी शुभारंभ किया गया। श्री मोदी और डॉ0 मुइज्जु ने इस तरह का पहला लेन-देन किया। दोनों राष्ट्रों के बीच भ्रष्टाचार से निपटने, न्यायपालिका, युवा तथा खेल के क्षेत्रों सहित कई समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किये गये हैं।

0000000000000000000000

भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त श्री फिलिप ग्रीन ने आज ईटानगर के राजभवन में राज्य के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक से मुलाकात की। उन्होंने उद्यमिता, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी, खनिज अन्वेषण, जल विद्युत, पर्यटन और द्विपक्षीय उद्यम मार्गों पर चर्चा की। राज्यपाल ने एक्सचेंज प्रोग्राम के माध्यम से उद्यमिता, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में राज्य के युवाओं की क्षमता पर जोर दिया।

राज्यपाल ने अनुसंधान, मानव विज्ञान अध्ययन और वनस्पतियों और जीवों के लिए राज्य के विशाल दायरे पर भी प्रकाश डाला, क्योंकि राज्य सांस्कृतिक रूप से जनजातीय पारंपरिक विरासत से समृद्ध है। इस बीच, राज्यपाल ने राज्य की खनिज क्षमता पर भी चर्चा की और सुझाव दिया कि इसे संभावित रूप से सहयोग का विषय माना जा सकता है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने कल भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त महामहिम श्री फिलिप ग्रीन और प्रतिनिधिमंडल सदस्य, कोलकाता के कॉनसल जनरल श्री हियु बोयलान (Hugh) , बैंगलुरु के वाइस कॉनसल हेरियेट ह्वाइट के साथ मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री खाण्डू ने विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए अरुणाचली युवाओं को जरुरी कौशल से लैस करवाने के लिए उच्च स्तर के प्रशिक्षित पेशेवरों को लाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई विशेषज्ञों के सहयोग से कुशल प्रशिक्षकों का एक केडर विकसित करने की वकालत की जो क्षेत्र के लिए टिकाऊ और दिर्घकालिक विकास को सुनिश्चित करेगा। वहीं श्री ग्रीन ने कौशल विकास पर ऑस्ट्रेलिया और अरुणाचल प्रदेश के संयुक्त सहयोग का आश्वासन दिया। 0000000000000000000000

वेस्ट सियांग जिले के तादिन गांव में कल आलोंग फॉरेस्ट डिविजन ने जागरुकता कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम में राज्य कानून एवं संबद्ध मंत्री केंतो जिनि ने वन विभाग एवं मिगो लेन्गो बोने बोमे सोसायटी द्वारा जिले में वन्य जीव जागरुकता शिविर के आयोजन की पहल की सराहना की।

श्री जिनि ने सिविल सोसायटी और गैर सरकारी संगठनों से भी वन विभाग को सहयोग कर गांवों में जागरुकता फैलाने और सतत विकास पर बल दिया।

0000000000000000000000

पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने पर उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने केंद्र सरकार के प्रति कृतज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि यह मान्यता सिर्फ ऐतिहासिक मील का पत्थर भर नहीं है बल्कि एक गहन श्रद्धांजलि है उस भाषा के प्रति जिसने कई पिढ़ियों को खासकर थेरवादा बौद्ध धर्म के शिक्षा के माध्यम से आत्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आकार दिया है। श्री मेन ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के लोगों के लिए यह स्वीकृति उस भाषा से हमारे संबंध को और गहरा करती है जो हमारी आध्यात्मिक परंपराओं को प्रतिबिंबित करती है। यह पहचान पालि भाषा का अध्ययन और प्रशंसा को बढ़ावा देगी। हमारी साझा विरासत को समृद्ध करेगी और हमारे महान राष्ट्र के सांस्कृतिक ताने बाने को मजबूत करेगी।

0000000000000000000000

केयी पान्योर जिला फुटबॉल संघ ने हाल ही में निरजूली स्थित नेरिस्ट में अपनी पहली वार्षिक जनरल बॉडी मिटिंग़ का सफलतापूर्वक आयोजन किया। बैठक के दौरान के पी डी एफ ए का लोगो अधिकारिक रुप से लॉच किया गया। बैठक में आयु वर्ग और महिलाओं के लिए टूर्नामेंट सहित सर्कल वाइज फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित कराने का भी संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रदेश फुटबॉल संगठन ए पी एफ ए के सिनियर वाइस प्रेसिडेंट किपा ताकुम ने के पी डी एफ ए से एक फुटबॉल मैदान की जरुरत पर बल दिया। उन्होंने संबंद्ध संगठन को प्रोत्साहित करते हुए जिला फुटबॉल के भविष्य के समर्थन के लिए आधारभूत संरचना को प्राथमिकता देने को कहा। 0000000000000000000000

ऑल अरुणाचल पुजारी कल्याण संगठन (ए पी पी डब्लू ए) और ऑल मिशमी पुजारी कल्याण संगठन (ए एम पी डब्लू ए) ने संयुक्त रुप से मिलकर तीस सितंबर को ए पी पी डब्लू ए के उन्नीसवें स्थापना दिवस सह कॉनवेंशन दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर तीन पुजारी संगठन ऑल मिशमी पुजारी कल्याण संगठन, ऑल अपर सुबनसिरी इंडीजिनस पुजारी न्यीबू निजिक कल्याण संगठन और आपातानी पुजारी संगठन ने ए पी पी डब्लू ए में पंजीकृत किया।

0000000000000000000000

मौसम विभाग ने अगले पांच-छह दिनों में पुर्वोत्तर, दक्षिण प्रायद्वीपीय में भारी से बहुत भारी वर्षा का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में भी भारी वर्षा की आशंका जताई है।0000000000000000000000

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार देश में कृषि प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है। नई दिल्ली में आज किसानों और किसान संगठनों के साथ बैठक के बाद श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए कृषि विकास योजना और फसल बीमा योजना जैसे कई फैसले लिए हैं।

भारतीय किसान यूनियन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सतीश लंबरदार ने आकाशवाणी को बताया कि श्री चौहान ने किसानों की सभी बातें सुनी और उनका समाधान निकालने का आश्वासन भी दिया।

0000000000000000000000